**प्रतिक्रिया** | यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पूंजीगत व्यय में इजाफे से बजट से प्रदेश में एक्सप्रेस-वे, औद्योगिक कॉरिडोर को मिलेगा बढ़ावा, निवेशकों को भी लाभ होगा

# यूपी के उद्योगों को मिलेगी संजीवनी, बढ़ेंगे रोजगार के मौके: खन्ना

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** आगामी 11 फरवरी को खुद यूपी का बजट पेश करने जा रहे प्रदेश के वित्तएवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना केंद्रीय आम बजट के प्रावधानों को रोजगार के पिटारे के तौर पर देख रहे हैं।

खन्ना के मुताबिक यह बजट युवाओं के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं लेकर आया है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार ने एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा और पारंपरिक उद्योगों के पुनर्जीवन के लिए बजट की घोषणा की है। इससे उद्योगों को संजीवनी मिलेगी और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

वित्त मंत्री ने कहा कि यह बजट यूपी के समग्र और संतुलित विकास को नई दिशा देने वाला है। पूंजीगत व्यय में इजाफा किया गया है। इससे यूपी में एक्सप्रेसवे, औद्योगिक कॉरिडोर, लॉजिस्टिक्स हब, रेलवे और शहरी आधारभूत ढांचे के विकास को गति मिलेगी। निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। सुरेश खन्ना कहते हैं कि किसी भी राज्य के विकास के लिए औद्योगिक निवेश जरूरी है। उद्योगों के निवेश से राज्यों की स्थिति अच्छी होती है और युवाओं को रोजगार मिलता है। निवेश के लिए कनेक्टिविटी अहम है। केंद्र सरकार ने दो हाई स्पीड रेल कॉरिडोर यूपी को दिए हैं। इससे एक बड़े गलियारे में आवागमन तेज होगा। इसका लाभ आम लोगों के अलावा निवेशकों को भी मिलेगा। औद्योगिक प्रोत्साहन और एमएसएमई समर्थन से प्रदेश में छोटे व मध्यम उद्योगों को मजबूती मिलेगी। इससे स्थानीय रोजगार, स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। डिजिटल नॉलेज ग्रिड की स्थापना भी लाभकारी है। दस हजार टूरिस्ट गाइड के प्रशिक्षण की घोषणा का बड़ा लाभ यूपी को मिलेगा।

**यूपी का बजट 11 को पेश करेंगे**



## हर मांग एक ही बार में नहीं पूरी हो सकती

बजट के पहले केंद्र वित्त मंत्रालय के साथ हुई बैठक में की गई मांगों के अनुरूप यूपी को मिली योजनाओं के सवाल पर वित्त मंत्री ने कहा कि हमने एम्स और आईआईटी मांगा था। केंद्र से मांग की थी कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वे जिले जो लखनऊ से होकर प्रयागराज जाते हैं, उनके लिए हाईकोर्ट की लखनऊ खंड अनुमन्य कर दी जाए। हालांकि, इन मांगों पर कुछ नहीं हो पाया। केंद्र के लिए सभी की मांगों को एक बार में पूरा करना आसान नहीं होता है। किसानों की आय बढ़ेगी, सिंचाई सुविधाएं सुदृढ़ होंगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

## यूपी को सबसे ज्यादा लाभ

सुरेश खन्ना ने कहा कि एआई का हब और 40 हजार करोड़ इलेक्ट्रानिक क्षेत्र पर खर्च करने की व्यवस्था का भी लाभ यूपी को सबसे ज्यादा मिलेगा। शिक्षा, कौशल विकास और युवाओं के लिए रोजगार योजनाओं से प्रदेश की युवा शक्ति को देश के विकास में निर्णायक भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा। रक्षा बजट मे वृद्धि की गई है इससे यूपी के डिफेंस कारिडोर को लाभ मिलेगा। प्रदेश के मूलभूत विकास को गति देने की व्यवस्था बजट में है। इससे यूपी में रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे। महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना से गांव सशक्त होंगे।